तापमान

अधिकतम 23.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 28 जनवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4

स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें**



**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

Advt.


## खबर संक्षेप



### विधायक कार्यालय में लहराया तिरंगा

**पत्थलगांव।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर में विधायक कार्यालय पत्थलगांव में शान से फहराया गया तिरंगा, विधायक गोमती साय ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा सिविल अस्पताल पीडब्लूडी , नगरपालिका परिषद, पुलिस थाना, जनपद पंचायत कार्यालय, बीईओ , बीआरसी ऑफिस, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग, बिजली ऑफिस, कृषि विभाग, आंगनबाड़ी, पीएमश्री स्कूल ,सहित सभी सरकारी विभाग के सरकारी प्राइवेट स्कूलो एवं अन्य जगहों में शान से तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर विभाग के कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### पेंशन योजनाओं का किया गया विस्तार



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को समीक्षा बैठक लेकर स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,श्रम विभाग, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और सभी जनपद पंचायत सीईओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं चाट ठेला लगाने वाले और छोटे व्यापारियों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना का लाभ दिया जाना है। इस हेतु प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजनाओं के अंतर्गत विशेष पंजीकरण अभियान पूरे राज्य में संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक शहरी क्षेत्रों में एवं द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 15 मार्च तक ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीयन किए जाएंगें।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया प्री बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण



**जशपुरनगर।** शासन के निर्देशानुसार जशपुर जिले में आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं प्री बोर्ड परीक्षा का 27 जनवरी मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर ने निरीक्षण किया। जशपुर जिले में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्री बोर्ड परीक्षा दिनांक 15 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित है। आज कक्षा 10 वीं का विज्ञान विषय एवं कक्षा 12 वीं का व्यवसाय अध्ययन, भौतिक शास्त्र, इतिहास, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित विषय की परीक्षा थी। जिला शिक्षा अधिकारी भटनागर ने आज शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय केराडीह, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय नारायणपुर एवं शासकीय कन्या हाई स्कूल नारायणपुर में आयोजित प्री बोर्ड परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टॉफ को निर्देश दिया कि प्री बोर्ड परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समय में कर यशस्वी जशपुर द्वारा जारी लिंक में अपलोड करें और विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी कराई जावे ताकि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आये। उन्होंने कहा कि फरवरी में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी विद्यालयों के प्री बोर्ड परीक्षा के परिणामों की समीक्षा की जावेगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# मंत्री श्याम बिहारी ने फहराया तिरंगा

- 25 विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित
- झांकी में प्रथम स्थान महिला एवं बाल विकास विभाग को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

77वें गणतंत्र दिवस समारोह जशपुर जिले में देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जशपुर जिला मुख्यालय में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह रणजीता स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया कर परेड की सलामी ली। उन्होंने जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगा राम भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, डीआईजी लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली ⏭ शेष पेज 4 पर





### स्कूली बच्चों के प्रदर्शन ने सबका मन मोहा



सांस्कृतिक कार्यक्रम जूनियर में देव पब्लिक स्कूल जशपुर प्रथम, साउथ पाईंट इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर द्वितीय और जशपुरांचल इंग्लिश मिडियम स्कूल जशपुर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम सीनियर में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उमा विद्यालय जशपुर, द्वितीय संत जेवियर शांति भवन हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम उमा विद्यालय जशपुर, तृतीय शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि जशपुर को मिला। परेड सीनियर में एनसीसी एनईएस महाविद्यालय जशपुर प्रथम, नगर सेना महिला जशपुर द्वितीय, छग पुलिस बल पुरुष जशपुर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार परेड जूनियर में कल्याण आश्रम जशपुर प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर द्वितीय और बैण्ड दल संत जेवियर्स शांति भवन जशपुर तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। झांकी में महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रथम, स्वास्थ्य विभाग को द्वितीय और आदिम जाति कल्याण विभाग एवं समाज कल्याण विभाग को संयुक्त रूप तीसरा स्थान मिला। झांकी में वन विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के और पर्यटन संबंधित झांकी शामिल थे। इस दौरान मंच का संचालन प्रो.डीआर राठिया और जयेश सौरभ टोपनो द्वारा किया गया।

### संविधानिक मूल्यों को अपनाने का दिया गया संदेश

संत पॉल अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मंजू मिंज तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. शिशिर मिंज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य फादर नीलम टोप्पो द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, फादर विपिन, सिस्टर सुशीला, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं उपस्थित समस्त स्टाफ के स्वागत से हुआ।



तत्पश्चात श्रद्धा नायक ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। अपने उद्बोधन में उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व, उसकी गरिमा बनाए रखने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए संविधानिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर क्रिकेट की राष्ट्रीय खिलाड़ी सुप्रिया मिंज को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चारों ग्रुपों ने सर सलीब के नेतृत्व में आकर्षक परेड प्रस्तुत की, जिसने सभी का मन मोह लिया। परेड के दौरान मिस अंजना बखला ने प्रभावशाली कमेंट्री प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में नर्सरी, केजी-1, कक्षा 1, 3, 5, 7, 9 एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियाँ देकर समां बाँध दिया। सैनन बेलेसी किस्पोटा ने हिंदी में तथा इसीका लकड़ा ने अंग्रेजी में प्रभावशाली भाषण देकर सभी में देशभक्ति का उत्साह भर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्जुन कुजूर एवं प्रज्ञा मिंज द्वारा किया गया। इस यादगार अवसर को संजोने के लिए सर नवीन ने फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की जिम्मेदारी निभाई। अंत में विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल सिस्टर सुशीला पन्ना ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



### कौशल्या साय ने किया ध्वजारोहण

जशपुरनगर। 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर कौशल्या साय ने विधिवत तिरंगा फहराया और गणतंत्र की गरिमा को नमन किया।ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी- कर्मचारी,पुलिस के जवान उपस्थित रहे। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया, साथ ही देश के वीर सपूतों को नमन किया गया। इस अवसर पर कौशल्या साय ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हमारे लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने संविधान निर्माताओं एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### विधायक गोमती साय ने किया ध्वजारोहण



**पत्थलगांव।** 77 वें गणतंत्र दिवस पर हाई स्कूल ग्राउंड में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सरगुजा प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक गोमती साय ने विधिवत तिरंगा फहराया और गणतंत्र की गरिमा को नमन किया। ध्वजारोहण के पश्चात सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के बेंड के साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कार्यकर्ता अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार देश के जवान स्कूलों के छात्र छात्राएं मौजूद रहे। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया, साथ ही देश के वीर सपूतों को नमन किया गया।इस अवसर पर गोमती साय ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हमारे लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने संविधान निर्माताओं एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सभी स्कूलों ने देशभक्ति से लेकर पारम्परिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया।

### तिरंगे के रंग में रंगा इंडियन बेनिफिसियल स्कूल



**कोतबा।** इंडियन बेनिफिसियल पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिर के समीप संचालित इस संस्था में आयोजित कार्यक्रम ने न केवल बच्चों बल्कि नगरवासियों में भी राष्ट्रप्रेम का नया जोश भर दिया। समारोह की मुख्य अतिथि, नगर की प्रतिष्ठित समाजसेवी व गणमान्य नागरिक सुनीता ऋषि शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उन्होंने अनुशासित छात्र-छात्राओं की परेड की सलामी ली। विद्यार्थियों ने एक विशाल प्रभातफेरी निकाली। यह रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर कारगिल चौक तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लिए छात्र-छात्राओं ने 'अमर जवान अमर रहें' और 'वंदे मातरम' के जयघोष लगाकर पूरे नगर को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

### बासनताला एवं हिन्दल स्कूल में लहराया तिरंगा



**जशपुरनगर।** शा उच्च माध्य विद्यालय बासनताला एवं हिन्दल इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलासपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बासनताला में ध्वजारोहण शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव और हिन्दल इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलासपुर में लखन यादव ने किया। बासनताला में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बंशीधर आपट, विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र यादव, इग्नासियुस टोप्पो, सेवानिवृत प्राचार्य विनय प्रभा खलखो, प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान तथा संकुल समन्वयक जुबराज यादव थे। हिन्दल इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालक तनवीर आलम खान, प्रधान पाठक सानिया सम्मी,मुख्य अतिथि लखन यादव, विशिष्ट अतिथि मंसूर आलम, धीरेंद्र जीत राम ने इस अवसर पर अमन,चैन, शांति, एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। दोनों ही संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## सरबकोम्बो स्कूल में बच्चों ने दी देशभक्ति से भरी प्रस्तुति



**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरबकोम्बो में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन बहुत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रति सदैव समर्पित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रिया सुरेश जैन रहीं, जिनके करकमलों से भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। मुख्य अतिथि प्रिया सुरेश जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संविधान के प्रति सदैव निष्ठावान रहना चाहिए और ईमानदारी के साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। वहीं विद्यालय के प्राचार्य महेश केरकेट्टा ने अपने उद्बोधन में देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को कटिबद्ध रहने का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रिया सुरेश जैन, सरपंच शशि किरण एक्का, एसएमडीसी अध्यक्ष अमृत दास मानिकपुरी, उपसरपंच सुरेश कुमार जैन, पंचायत प्रतिनिधि नंद किशोर गुप्ता, राजेश टोप्पो, वल्लभ यादव सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नीमगांव में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**जशपुरनगर।** नीमगांव में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन एवं विद्यालय परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पंचायत भवन में भूतपूर्व सैनिक यमुना प्रभाकर एवं ग्रामीण समिति अध्यक्ष राजेश राम द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वहीं विद्यालय परिसर में सरपंच एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र भगत ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रौढ़ शिक्षा का स्टॉल भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सरपंच नागेंद्र भगत ने ग्रामीणों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में उपसरपंच पिंकी भगत, रोशन भगत, भैय्या राम, बलदेव राम खलखो, प्रधान पाठक बलदेव राम खलखो, शिक्षिका अनिला भगत सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जनसंपर्क विभाग के चार कर्मचारियों का सम्मान



77 वें गणतंत्र दिवस पर जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनसंपर्क विभाग जशपुर के चार कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सहायक ग्रेड-2 विनोद यादव, जिला समन्वयक सोशल मीडिया दीपक पटेल, डाटा एंट्री ऑपरेटर हेमंत प्रसाद अगरिया और वाहन चालक अशोक तिर्की शामिल हैं। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का गृह जिला होने के कारण जशपुर में कार्यरत कर्मचारियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, जिसे सभी कर्मचारियों ने सौंपे गए दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सिद्ध किया है। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर में फहराया तिरंगा



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत मौके पर मौजूद सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया गया और देश की एकता, अखंडता तथा संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कलेक्टर व्यास ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के पश्चात मंत्रणा सभा कक्ष में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका में निहित समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को व्यवहार में उतारना प्रत्येक शासकीय सेवक का दायित्व है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य आम नागरिकों को सुशासन प्रदान करना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, हरिओम द्विवेदी सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### कलेक्टर निवास में भी मनाया गया गणतंत्र दिवस

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टर निवास में भी तिरंगा झंडा फहराया। साथ ही मौके पर मौजूद सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति का सम्मान व्यक्त किया। कलेक्टर व्यास ने इस अवसर पर सभी कर्मियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी सहित कलेक्टर निवास में कार्यरत कर्मचारी गण मौजूद रहे।


हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव**

**उपहार वितरण सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 29 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

**समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।**

**नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।**

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो महिलाओं की गई जान

**अम्बिकापुर।** गिरने व अचानक तबीयत बिगड़ने की अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुई दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम करतेपा निवासी महेशरी पति सोमारू (62 वर्ष) पिछले 20 साल से पेट के सूजन से परेशान थी। परिजन जंगली जड़ी बूटी से इलाज करा रहे थे। शनिवार की सुबह झाड़ू लगाकर जैसे ही बाहर से कचरा फैंक कर आंगन में पहुंची तभी गिर गई। इधर तबीयत बिगड़ जाने पर परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत लटोरी कल्याणपुर कोट बहरा निवासी इंदू कोराम पति देवचंदा सिंह (56 वर्ष) की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में एक दिन बाद परिजन ठीक हो जाने पर उसे उसके मायके भगवानपुर लेकर गए। आज तड़के 4 बजे अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सको ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

### क्रिकेट स्पर्धा में एसआर राजपुर की टीम ने हासिल की जीत



**राजपुर।** ग्राम पंचायत सेवारी के ग्रीन पार्क मैदान आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। समापन अवसर पर प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसआर राजपुर एवं हिन्दू युवा मंच के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एसआर राजपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और प्रतियोगिता की विजेता बनी। वहीं हिन्दू युवा मंच की टीम उपविजेता रही। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया, जिसकी दर्शकों ने जमकर सराहना की। मुख्य अतिथि विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

### अचीवर्स इंटरनेशनल में मना वार्षिक उत्सव

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईजी दीपक कुमार झा शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, एसडीओपी अनूप एक्का, देवेंद्र नाथ दुबे, निष्ठा पांडेय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएस धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आईजी दीपक कुमार झा द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मक सोच, नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।आईजी दीपक कुमार झा ने कहा कि बच्चों की सफलता में माता-पिता, शिक्षकों और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल व इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया।

## नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

# एक साल पहले हुई मारपीट की घटना का बदला लेने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दिनदहाड़े चाकू मारकर युवक की हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने इस मामले में नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक साल पहले हुई मारपीट का बदला लेने की नियत से वारदात को अंजाम दिया। बड़ी बात यह है कि घटना में प्रयुक्त चाकू विधि से संघर्षरत बालक ने ऑनलाइन मंगवाया था।

**खास बात**
- ऑनलाइन मंगवाया गया था चाकू

बता दें कि 24 जनवरी को बौरीपारा निवासी रितिक जायसवाल अपने दोस्त आनंद गुप्ता के साथ चाय पीने के लिए चांदनी चौक पेट्रोल पंप के समीप विनोद डेली नीड्स में गया हुआ था। इस दौरान मौके पर पहुंचे तीन लोगों ने जबरन विवाद शुरू किया और फिर विवाद के दौरान युवक पर चाकू से हमला कर दिया। दिनदहाड़े चाकूबाजी की इस घटना से हड़कंप मच गया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दो घंटे के ऑपरेशन उपरान्त रितिक जायसवाल की जान बचाई।

वहीं इस मामले में पुलिस युवक के भाई रोशन जायसवाल की शिकायत पर अपराध दर्ज कर किया गया। इस मामले में डीआईडी और एसएसपी राजेश अग्रवाल ने गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज व अन्य तथ्यों की जांच के बाद पुलिस ने मामले में शहर के मायापुर गुरुद्वारा वार्ड निवासी 18 वर्षीय सत्यम सोनकर आ. अर्जुन सोनकर व घुटरापारा निवासी 19 वर्षीय आयुष सोनार आ. शिवशंकर सोनकर व एक 15 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया। इस दौरान पुलिस ने तीनों से पूछताछ की तो आरोपियों ने पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने इस मामले में सत्यम सोनकर, आयुष सोनकर व नाबालिग को बीएनएस की धारा 109, 3,(5) एवं 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अनुज जायसवाल सक्रिय रहे।




### पहले सत्यम ने मारा चाकू

पुलिस की अबतक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी सत्यम सोनकर और रितिक जायसवाल का पुराना विवाद था। पिछले साल एक जनवरी को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसी का बदला लेने लिए आरोपियों ने योजना बनाई। हत्या की नियत से नाबालिग ने ऑनलाइन चाकू मंगवाया और फिर सभी प्लानिंग के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने विवाद शुरू किया और मारपीट की। इसके बाद सत्यम ने रितिक जायसवाल चाकू से हमला कर दिया। चाकू में दूसरी ओर दांता होने के कारण वह पेट में ही फंस गया जिसके बाद आरोपी हथियार को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। वारदात के बाद तीनो घुटरापारा क्षेत्र में जाकर छिप गए थे।




# खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भिलाई वार्ड कमांक 40 निवासी अबोध कुमार सिंह आ. आत्मानंद सिंह भिलाई के एचटीसी सोम लॉजिस्टिक कंपनी का अशोक लिलैंड का ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 लेकर 9 नवम्बर को अंबिकापुर आया था। इस दौरान सीमेंट खाली नहीं होने पर चालक 10 नवंबर को ट्रक को रिंग रोड किनारे खड़ी कर सो रहा था जहां कुछ लोगों ने ट्रक से डीजल की चोरी की। इस दौरान आरोपियों ने चाकू, गुलेल से मारपीट की। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज किया गया था और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में आरोपी हीरालोनी, रोहित लोनी, धुव्र लोनी, बसंत लोनी, रितेश तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं फरार आरोपियों की तलाश हेतु डीआईजी व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने जांच उपरान्त एमपी कोतमा के नदिया टोला सिलपुर निवासी 28 वर्षीय देवेन्द्र लोनी आ. धनीराम लोनी व 32 वर्षीय शिव प्रसाद लोनी आ. अयोध्या प्रसाद लोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपने गिरोह के साथ मिलकर 10 वर्षों से डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडजी 2645 व 4 नग जरकिन, पाइप बरामद किया गया।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** बिलासपुर चौक के समीप ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक वाहन की चपेट में आने से बाल बाल बच गया। अटल आवास मुक्तिपारा निवासी दीपक मानिकपुरी आ. सबद मानिकपुरी (39 वर्ष) शनिवार को टिफिन लेकर काम पर जाने के लिए निकला था। रात लगभग 9 बजे साथी रवि के साथ बाइक से बिलासपुर रोड की ओर जा रहा था और जैसे ही बिलासपुर चौक के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में पीछे बैठा दीपक मानिकपुर सड़क पर गिर गया और उसके सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत दीपक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# खदान दुर्घटना में श्रमिक की मौत पर अपराध कायम

**चरचा कॉलरी।** जिले के चरचा क्षेत्र अंतर्गत खदान में हुई दर्दनाक दुर्घटना के मामले में पुलिस ने जांच पूर्ण कर लापरवाही पाए जाने पर 3 जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना चरचा में पदस्थ उप निरीक्षक द्वारा मर्ग क्रमांक 22/2025 धारा 194 बीएनएसएस के अंतर्गत मामले की जांच की गई। जांच के दौरान मृतक डिगेश्वर सिंह पिता शोभित सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी बरबसपुर के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम कराया गया था। पीएम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि मृतक की खदान के अंदर दुर्घटना से गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु हुई है। जांच के दौरान मृतक के परिजन एवं गवाहों के कथन लिए गए। साथ ही डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी की रिपोर्ट प्राप्त की गई, जिसमें दुर्घटना का मुख्य कारण लापरवाहीपूर्वक कार्रवाई बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना के समय एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ओवरमैन माइनिंग सरदार मिथिलेश कुमार पंजियारा, शिवमूरत चर्मकर, जेएमएस कंपनी के सुपरवाइजर मनीष कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी।

जांच में पाया गया कि मौके पर टीवी मशीन ब्रेकडाउन होने के बावजूद सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं किए गए और लापरवाहीपूर्वक कार्य कराया गया, जिसके कारण यह गंभीर दुर्घटना घटी और श्रमिक डिगेश्वर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त लापरवाही को गंभीर अपराध मानते हुए थाना चरचा में आरोपियों के विरूद्ध धारा 106 (1), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। रीजनल अस्पताल चरचा से प्राप्त मेमो के अनुसार मृतक को खदान में घायल अवस्था में सहकर्मियों द्वारा अस्पताल लाया गया था। रात 10:42 बजे अचानक उल्टी व सांस लेने में तकलीफ शुरू हुई थी। सभी चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। डॉक्टर द्वारा रात 11:25 बजे मृत घोषित किया गया था। मेमो डॉ. इंद्रजीत प्रभाकर, मेडिकल ऑफिसर, रीजनल अस्पताल चरचा बैकुंठपुर एरिया द्वारा तैयार किया गया था। सूचक के मेमो के आधार पर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की गई तथा घटना की सूचना अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम बैकुंठपुर को प्रेषित कर दी गई थी। घटना के बाद मृतक डिगेश्वरर सिंह के परिजन में आक्रोश देखने को मिला।

# संजयनगर में हाउसिंग बोर्ड की भूमि को लेकर विवाद बढ़ा, जयनगर थाने में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम संजयनगर में भूमि विवाद चल रहा विवाद उस समय उग्र हो गया, जब कथित रूप से बिना किसी पूर्व सूचना के गांव में पहुंचकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों के विरोध पर मामला शांत तो हुआ, लेकिन इसके बाद जान से मारने की धमकी, महिलाओं से अभद्रता और दबाव बनाने के आरोप सामने आने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

ग्रामीणों द्वारा जयनगर थाना में दी गई लिखित शिकायत के अनुसार ग्राम संजयनगर की खसरा क्रमांक 382, 383, 384, 386, 398, 399, 400, 402 से 418, 424 से 433, 435, 436, 438 से 440 तथा 450, 451, 452 सहित कुल 18.95 हेक्टेयर लगभग 20 लाख 39 हजार 761 वर्ग फीट भूमि को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आबंटित बताया जा रहा है,ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि पर वे दशकों से काबिज हैं। यहां उनके घर, खेती और आजीविका के साधन मौजूद हैं, लेकिन आज तक न तो भूमि का सीमांकन हुआ और न ही किसी प्रकार की अंतिम कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब आज तक जमीन का सीमांकन नहीं हुआ, तो फिर किस आधार पर अचानक कब्जा करने की कोशिश की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गत दिनों राजेन्द्र सिंह कुछ सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों के साथ गांव पहुंचे और बिना सूचना दिए कार्य शुरू कराने का प्रयास किया गया। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली, पूरा गांव एकजुट हो गया और मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया। ग्रामीणों का कहना है कि काम रुकने के बाद हालात और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए। आरोप है कि मौके पर मौजूद सत्ताधारी दल से जुड़े दो लोगों ने ग्रामीणों से तीखी बहस की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इससे भी ज्यादा गंभीर आरोप यह है कि इस दौरान गांव की महिलाओं के साथ अभद्र भाषा और व्यवहार किया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना के बाद संजयनगर गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। इसी को देखते हुए सभी ग्रामवासियों ने एकजुट होकर जयनगर थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने, धमकी देने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और गांव की जमीन की निष्पक्ष जांच व सीमांकन कराने की मांग की है। इस पूरे मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हाउसिंग बोर्ड को जमीन आबंटित की गई है तो उसकी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और प्रभावित लोगों को पहले से सूचना देकर वैधानिक तरीके से कार्रवाई की जानी चाहिए। अचानक गांव में पहुंचकर दबाव और धमकी के सहारे जमीन लेने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने पर जांच विवेचना की बात कह रही है।



# पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय में हुई सांस्कृतिक प्रदर्शनी

**राजपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक चेतना एवं शैक्षणिक नवाचार को मंच प्रदान करना रहा।

विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह प्रस्तुतियों को अतिथियों व अभिभावकों ने खूब सराहा। वहीं एक पृथक पंडाल में बच्चों द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक मॉडल, कला एवं चित्रकला की प्रदर्शनी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही, जिसमें विद्यार्थियों की नवाचारी सोच स्पष्ट रूप से झलकी।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा भी प्रोत्साहन स्वरूप नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य गिरीश चंद्र मिश्रा के आशीर्वचन के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद सीईओ संजय दुबे, जय गोविंद तिवारी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# कार से शराब तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में दिगर राज्यों से शराब लाकर खपाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि शहर सहित आसपास क्षेत्र में कहीं न कहीं बड़े पैमाने पर शराब खपाया जाता है। बीती रात आबकारी टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब मध्यप्रदेश का लेबर लगे 95 हजार कीमत के 15 पेटी अंग्रेजी शराब का जखीरा जब्त किया। आबकारी टीम ने शराब व वाहन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार आबकारी आयुक्त आर संगीता व कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एलके गायकवाड के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बीती रात आबकारी टीम दरिमा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इनोवा कार से कई पेटी अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर आबकारी टीम ने दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवानगर अड़ची में घेराबंदी की। इसी दौरान आबकारी टीम ने इनोवा कार क्रमांक सीजी 15 बी 6444 को रुकवा कर वाहन चालक गांधीनगर क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी रंजीत कुमार उर्फ लडडू सिंह आ. राम विजय सिंह (40 वर्ष) से पूछताछ की। साथ ही वाहन की तलाशी ली तो वाहन के पीछे रखे 95 हजार कीमत के 15 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। सभी शराब में मध्यप्रदेश का लेबल लगा हुआ था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि शराब मध्य प्रदेश से लाकर क्षेत्र में खपाने की तैयारी में थे। आबकारी टीम ने शराब सहित वाहन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क , 34(2), 36 एवं 59क के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, अकाश साहू, सौरभ साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक अयोध्या प्रसाद, मथुरा पटेल, पुनालाल जायसवाल,



शराब के पेटी की गिनती करते अधिकारी।

## ढाई लाख कीमत के गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार



**सूरजपुर।** जिले में नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस चौकी बसदेई के पुलिस कर्मियों को उस समय बड़ी सफलता मिली जब पुलिस टीम ने कार से भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर रहे दो युवकों को पकड़ा। हालांकि एक युवक भागने में सफल हो गया। पुलिस ने कार से ढाई लाख के 10 किलो 850 ग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के कारोबारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

- कार से कर रहे थे गांजा की तस्करी, एक हुआ फरार

इसी कड़ी में आज चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कार क्रमांक सीजी 11 बीडी 8383 में तीन व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री करने गाम बड़सरा से कुसमुसी की ओर आने वाले है। सूचना पर चौकी बसदेई पुलिस द्वारा कुसमुसी मेन रोड़ पर घेराबंदी कर कार रोकवाया। इस दौरान कार में बैठा एक युवक पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने कार से कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम जटका कटोरी निवासी मुकेश कंवर आ. राम गोपाल (25 वर्ष) एवं योगेश कंवर उर्फ सोनू आ. लक्ष्मण सिंह कंवर (26 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन से 2 लाख 50 हजार कीमत के 10 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने वाहन सहित गांजा को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया वहीं फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक शिवकुमार सारथी, आरक्षक देवदत्त दुबे, रामकुमार, राकेश सिंह, अशोक सिंह, प्रेम सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अशोक केवट व नगर सैनिक अनिल विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

### मवेशी तस्करी करने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार


**अम्बिकापुर।** मवेशियों को चार पहिया वाहनों में लोड़कर झारखंड तस्करी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोगन द्वारा भैरोपुर थानपारा में अशोक लीलेंड वाहन में चार मवेशियों को लोड कर बूचड़ खाना लेजाने की तैयारी आकर रहे है। ऐसे में पुलिस ने दबिश दी तो आरोपी भागने लगे। पुलिस ने आरोपियों को का पीछा कर उन्हें पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मामले में सनावल बोदरापारा निवासी 24 वर्षीय रमेश कुमार मरकाम आ. सुखी चरण मरकाम, रामचंद्रपुर रेवतीपुर निवासी 28 वर्षीय अशोक कुमार मानिकपुरी आ. स्व. दरगाही राम मानिकपुरी, बसंतपुर सियाही मोड़ निवासी 18 वर्षीय विकास कुमार मानिकपुरी आ. मोहरलाल पनिका, सनावल बोदरापारा निवासी 21 वर्षीय अजय शांडिल्य आ. रामचरण शांडिल्य, शंकरगढ़ भैरोपुर निवासी 42 वर्षीय विष्णु भास्कर आ. बसंत भास्कर, सनावल निवासी 25 वर्षीय सुरेश कुमार गुप्ता आ. सरजू गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से अशोक लीलेंड वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 3834 व दो रास मवेशी को जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ छग कृषक पशु परि, अधि, 2004 की धारा 4, 6,10 एवं पशु कूरता नि. अधि 1960 की धारा 11 (घ) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

## लाइफ Style



# मौनी

## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।' अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।

## हॉलीवुड मसाला



### लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर


# बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और से नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

## टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा' वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन



बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।

# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।

# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में

## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।



***मुल्क :*** ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15 :*** अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम :*** साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोडयूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन :** साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

***नई दिल्ली।*** *गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें' गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।

### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।



### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया' गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा। 'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं। 'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक पात्रता परीक्षा, की गई पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल नवा रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में कक्षा एक से पांच तक अध्यापन हेतु पात्रता परीक्षा पूर्वान्ह 9.30 से 12: 15 बजे तक परीक्षा 6 केन्द्रों में आयोजित होगी। द्वितीय पाली में कक्षा छः से आठ तक अध्यापन हेतु पात्रता परीक्षा अपरान्ह 3 से 5.45 बजे तक परीक्षा केन्द्र 1901 से 1911 तक कुल 11 केन्द्रों में आयोजित की जावेगी। कलेक्टर रोहित व्यास के आदेशानुसार परीक्षा केन्द्र तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने, परीक्षा निर्विघ्न संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु अधिकारियों को परीक्षा केन्द्र हेतु पर्यवेक्षक (ऑर्जबर) नियुक्त किया गया है।

### सीएससी सेवाओं के विस्तार को लेकर जिला स्तरीय बैठक

जशपुरनगर। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन विशेष रूप से टेली लॉ योजना को सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कॉमन सर्विस सेंटर सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विगत दिवस कलेक्टरेट के मंत्रणा कक्ष में एक एकदिवसीय जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया बैठक में कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक विश्वजीत पंडा एवं सीएससी राज्य प्रमुख जयनारायण पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में जिले में कार्यरत सभी सीएससी व्हीएलई, बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट सखी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए सीएससी राज्य प्रमुख जयनारायण पटेल ने कहा कि टेली लॉ योजना भारत सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से समाज के गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क कानूनी परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने सभी सीएससी व्हीएलई को निर्देशित किया कि वे ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को टेली लॉ योजना की जानकारी दें, पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराएं तथा योजना का अधिकतम लाभ दिलाएं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मंत्री श्याम बिहारी ...

बच्चें एवं नागरिकगण उपस्थित थे। मंत्री जायसवाल ने 56 वीर शहीद जवानों के परिजनों से पूरी आत्मीयता से मिले और उनका हाल-चाल जाना और शॉल फल देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दौरान जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रंगीन गुब्बारे भी उड़ाए गए। इस अवसर पर उत्कृष्ठ कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें जिला कार्यालय, राजस्व विभाग, जनसंपर्क विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगर सेना, मत्स्य विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, नगर पालिका परिषद जशपुर, नगर पंचायत कोतबा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, श्रम विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, छ.ग. राज्य पावर वितरण कंपनी लिमि., आबकारी विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुश चिकित्सा विभाग, स्वयंसेवक जशपुर सहित कुल 25 विभाग के लगभग 141 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पत्थलगांव जिला जशपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202601031100031**

विषय:- अ-2 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2025-2026
कोतबा प.ह.न.00016 [314/9(0.0120 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार मालती पटेल पति डोलामणी पटेल, अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम कोतबा, प.ह.न. 16, तहसील बागबहार, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मालती पटेल पति डोलामणी पटेल, जाति अघरिया, निवासी ग्राम तोलगे, तहसील लैलूँगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कोतबा, प. ह. नं. 16 स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 314/9 रकबा 0.0120 हे. (120.0 वर्गमीटर) को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ (दुकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराने हेतु मय बी-1, नक्शा, खसरा एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.02.2026 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/ समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2026 को जारी किया जाता है।

**Rituraj Singh Bisen**
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव, जिला - जशपुर (छ.ग.)

## नशीले पदार्थों पर सख्ती और सड़क सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश

# स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जशपुरनगर



जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय एनकार्ड, सड़क सुरक्षा समिति एवं नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के नवनियुक्त एसएसपी लाल उमेंद सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में नशा नियंत्रण, जनस्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा, दुर्घटना प्रबंधन तथा जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा कर संबंधित विभागों को स्पष्ट और समयबद्ध निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित पुलिस, राजस्व एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में दिए गए सभी निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नियमित समीक्षा करने की बात कही।

- एनकार्ड, सड़क सुरक्षा सप्ताह और नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

कलेक्टर एवं एसएसपी ने मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त निगरानी रखते हुए रोकथाम, चेकिंग एवं जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कोटपा एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। विशेष रूप से स्कूलों के आसपास 100 मीटर के दायरे में गुटखा एवं तंबाकू से निर्मित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए। एसएसपी सिंह ने शिक्षा विभाग को एक सप्ताह के भीतर स्कूल परिसरों के आसपास स्थित पान ठेलों का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी रोक के लिए अभियान चलाया जा सके। ड्रग इंस्पेक्टर को मेडिकल स्टोर्स की गहन जांच कर अवैध व नशीली दवाइयों के पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर व्यास ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को आश्रम-छात्रावासों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री की सूचना संकलित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। आबकारी विभाग को हाईवे स्थित होटल-ढाबों में अवैध शराब बिक्री की जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए। नशे के कारण निलंबित विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से एक माह तक नशा मुक्ति केंद्र में रहकर उपचार लेने के बाद ही निलंबन बहाल करने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्रों में नशीली दवाइयों, सिरिंज, शराब की बोतलों जैसे अवशेष पाए जाने वाले गुप्त स्थलों की पहचान कर रोकथाम एवं स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

### ब्लैक स्पॉट पर कड़ी निगरानी

सड़क सुरक्षा समिति बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि के आंकड़ों की समीक्षा की गई। जिले के ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सूची तैयार करने तथा सभी ड्राइवरों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि संभावित दुर्घटना स्थलों की पूर्व जानकारी मिल सके। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने, हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग एवं शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी विभागों के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि उनके स्टाफ दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाने, ग्रामीण क्षेत्रों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में स्टीकर चिपकाने तथा आरटीओ बैरियर पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### नए कानूनों पर नजागरूकता

नए कानूनों के तहत हिट एंड रन योजना में मुआवजा एवं दुर्घटना पीड़ितों के लिए डेढ़ लाख रुपये तक की कैशलेस इलाज व्यवस्था पर चर्चा की गई। इसे अस्पतालों एवं आमजन तक व्यापक रूप से प्रसारित करने के निर्देश दिए गए। राहगीर योजना के तहत दुर्घटना पीड़ित को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने वाले व्यक्तियों को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि की जानकारी भी व्यापक रूप से प्रचारित करने के निर्देश दिए गए।



## लावाकेरा क्रिकेट स्पर्धा का समापन कौशल्या साय रहीं मुख्य अतिथि

जशपुरनगर। लावाकेरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य एवं उत्साहपूर्ण समापन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना और अनुशासन की सराहना की तथा युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता का फायनल मुकाबला टांगरगांव और प्रतापगढ़ की टीमों के बीच खेला गया। निर्धारित 8 ओवर के रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतापगढ़ की टीम ने 111 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टांगरगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विकेट खोकर 112 रन बनाते हुए मुकाबला को 8 विकेट से जीत लिया और खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर विजेता टीम टांगरगांव को प्रथम पुरस्कार के रूप में 41 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता प्रतापगढ़ टीम को 25 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव भरत साय,नटवर मूंदड़ा,हेमती साय, जिला पंचायत सदस्य दुलारी सिंह, जनपद उपाध्यक्ष संध्या सिंह,सरपंच पूर्णिमा, मंडल अध्यक्ष दिलीप साहू, राजेश गुप्ता, संतोष जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिलेश्वर सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

- टांगरगांव ने प्रतापगढ़ को 8 विकेट से हराया



## सेंट जेवियर्स स्कूल में खेलो सीखो वार्षिक उत्सव

पत्थलगांव। बंदियाखार के सेंट जेवियर्स हिंदी मीडियम स्कूल में खेलो सीखो वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की रंगारंग शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि पशु चिकित्सक बने दिलीप खलखो का प्राचार्य सुनील खलखो ने स्वागत किया इस दौरान फादर फबियानुस सेंट जेवियर्स हिंदी मीडियम स्कूल के फादर अनूप तिग्गा, सिलास टोप्पो, सर दयाल पत्रकार जितेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे। खेलो सीखो वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्कूल के 74 वर्ष के सफर की बात करते हुए फादर अनुप तिग्गा ने गौरव पूर्ण इतिहास को सबके सामने रखा। खेलो सीखो 4 दिन तक खेले जाएंगे स्कूल के छात्र छात्राओं को चार अलग अलग टीमो में बांटा गया है जिनका नाम है। बुल्के , लिवन्स , लोयोला, और जेभियर जिनके बीच खेलो और सिखों खेल खेला जाएगा। सेंट जेवियर्स हिंदी मीडियम स्कूल के फादर अनुप तिग्गा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी छात्र छात्राए पूरे खेल भावना से खेल के नियमो का मानते हुए खेल खेले आप सभी से ही राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर में खेल केन्ये आयाम गढ़ेंगे बस आप लगातार खेल के प्रति मजबूती से आगे बढ़ते रहो।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मना वार्षिकोत्सव



पत्थलगांव। सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय, अध्यक्ष नगर पालिका के अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मण राव सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़, विद्यालय के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल मुरारी लाल अग्रवाल व्यवस्थापक प्रयागराज अग्रवाल नगर पालिका के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल , एवं सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं प्राचार्य सन्तोष कुमार पाढ़ी के साथ समस्त शिक्षक छात्र छात्राओं एव अभिभावकों के बीच रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छोटे छोटे बच्चो से लेकर बड़े छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए स्कूल के मेघावी छात्र छात्राओं को विधायक गोमती साय ने माला पहनाकर शील्ड देकर सम्मानित किया। विधायक गोमती साय ने उद्बोधन में सरस्वती शिशु मंदिर के संस्कार की भूरी भूरी प्रशंसा की जो घर से लेकर देश के रीति रिवाजों से लेकर अपने भविष्य गढ़ने में छात्र छात्राओं को महत्वपूर्ण लाभ मिलता है। और यही संस्कार माता पिता को गौरवान्वित भी करता है। आज सभी अभिभावक यहां मौजूद हैं जो खुद ये देखकर खुश होंगे कि उनके बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ाई कर रहे है जहां पढ़ाई के साथ खेलकूद एवं परिवार के बड़ो को मान सम्मान देना सबसे पहले सिखाता है।

## मछली पालन से दो लाख रुपए का समिति को हो रहा आमदनी



जशपुरनगर। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजनांतर्गत एडिशनल सेन्ट्रल नोडल ऑफिसर बी.के. पुरूशटी के द्वारा मनोरा विकासखण्ड के सोगड़ा डेम में आदिवासी कमल मछुआ सहकारी समिति के द्वारा लिए जा रहे मछली पालन का अवलोकन किया। समिति द्वारा वर्ष 2018 से अब तक मछली पालन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि डैम में वर्ष 1500 कि.ग्रा. मत्स्य उत्पादन किया जाता हैं जिससे मछली पालन से दो लाख रूपये का आमदनी समिति के सभी सदस्य को प्राप्त हो रहा, साथ ही डैम के किनारे किनारे लगे सब्जी से समिति के सभी सदस्यों को अलग आमदनी हो रहा है। समिति के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया विभाग के द्वारा जाल, मछली बीज, आईस बॉक्स एवं बंद ऋतु में सभी सदस्यों को विभाग से 3 हजार रूपए का लाभ दिया जाता हैं। साथ ही ग्राम सोगड़ा के ईश्वर राम के द्वारा अपने निजी जमनी में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 0.80 एवं 0.40 कुल 1.20 हेक्टेयर में तालाब निर्माण कराया गया।

## दूधमुंहे बच्चों को साथ लेकर क्रेडा क्लस्टर टेक्नीशियन सपरिवार पहुंचे कलेक्ट्रेट



जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अंतर्गत कार्यरत क्लस्टर टेक्नीशियन (सेवाकर्ता इकाई) अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सपरिवार कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान कई टेक्नीशियन महिलाएं अपने दूधमुंहे बच्चों को साथ लेकर जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचीं।

टेक्नीशियनों ने दूसरी बार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। क्रेडा तकनिशियन संघ अध्यक्ष रत्नाकर ने बताया गया कि क्लस्टर टेक्नीशियन पिछले 11 वर्षों से क्रेडा विभाग के अंतर्गत पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं। राज्य की विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र, सोलर ड्यूल पंप, सोलर होम लाइट सिस्टम तथा सौर सुजला योजना के अंतर्गत लगाए गए सोलर पंपों के संचालन, संधारण, रखरखाव एवं मॉनिटरिंग का कार्य लगातार किया जा रहा है।टेक्नीशियनों का कहना है कि जिले के दुर्गम, सुदूर एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सौर परियोजनाओं की जिम्मेदारी वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभा रहे हैं। जिलों में सेवाएं दी जा रही हैं, इसके बावजूद उन्हें कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

- दूसरी बार कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, लंबित वेतन भुगतान की उठाई मांग

### वेतन भुगतान में देरी बनी मुख्य समस्या

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि क्लस्टर टेक्नीशियन संवर्ग के अंतर्गत कार्यरत सेवाकर्ता इकाइयों को नवंबर एवं दिसंबर 2025 माह का वेतन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। वेतन भुगतान में हो रही देरी के कारण उनके परिवारों को आर्थिक, मानसिक एवं सामाजिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वेतन के अभाव में बच्चों की शिक्षा, परिवार का भरण-पोषण एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना अत्यंत कठिन हो गया है। टेक्नीशियनों ने कलेक्टर से मांग की है कि लंबित वेतन भुगतान की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए तथा उनके कार्य की निरंतरता सुनिश्चित की जाए।

### जलजीवन मिशन पर हो रहा है विपरीत असर

जशपुर जिला घने जंगलों एवं पहाड़ों पर बसा है जहां कई ग्रामीण इलाको ने जलजीवन मिशन का पानी घर घर तक सोलर सिस्टम के माध्यम से ही। पहुंचता है। तकनीकी खराबी आने पर ये तकनीशियन ही सुधार कार्य करते है वेतन मिलने की स्थिति में इनका आनाजाना कठिन होता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को पीने का स्वच्छ पानी उनके घर तक नहीं पहुंच पाता।

### जानकारी भेज दी गई

क्रेडा के उप अभियंता राजेंद्र खेस ने बताया कि संबंधित जानकारी उच्च कार्यालय को भेज दी गई है। बजट प्राप्त होते ही लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा।

## साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लगा उल्लास मेला




पत्थलगांव। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के निर्देशानुसार विख पत्थलगांव के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर उल्लास मेला का आयोजन किया गया। उल्लास मेला कराने का मुख्य उद्देश्य नवसाक्षरों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लिखने, पढ़ने, समझने तथा उनके आत्म विश्वास को बढ़ाने के साथ साथ रचनात्मक प्रयोग करके उनको आगे जीवन कौशल के साथ आगे बढ़ाना है।

उल्लास मेला का आयोजन करने के लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर द्वारा निर्देशित किया गया था कि सभी ग्राम पंचायतों में जगह ध्वजारोहण, उद्बोधन, तथा प्रभात फेरी करने के बाद उक्त मेला का आयोजन किया जाए। इस मेले में नवसाक्षरों के लिए लगभग 7 से लेकर 14 प्रकार के अवधारणाओ का स्टॉल लगाया गया जिसमें प्रमुख रूप से रिंग बॉल फेलो वर्ण पहचानो, तुम्हारा घड़ी, हमारी समय, कुर्सी दौड़, उंगली फेरो, वर्ण पहचानो जैसे अनेक प्रकार के सामग्रियों का उपयोग करके मेला का आयोजन किया गया। उल्लास मेले के आयोजन को सफल पूर्वक क्रियान्वयन करने के लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर द्वारा प्रत्येक 2 दिवसों में वेबिनर के माध्यम से जिला अधिकारी, ब्लॉक अधिकारियों की समीक्षा ली गई, इसी तर्ज़ पर संभाग वार भी जिला एवं विकासखंड के सभी अधिकारियों के साथ साथ स्कूल के प्राचार्यों संकुल शैक्षिक समन्वयक की बैठक आहूत करके मेला को जमीनीस्तर में उतारने का स्वरूप शालाओं के शिक्षकों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा बखूबी निभाया गया। गांव के नवसाक्षरों ने इस मेले का आनंद उठाया तथा वहां पर विभिन्न गतिविधियों में आयोजित होने वाली खेलो के माध्यम से सीखो प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती

जशपुरनगर। जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जशपुर के नवपदस्थ पुलिस कप्तान, डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को नियमों का कड़ाई से पालन कराने के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस कप्तान ने स्पष्ट किया है कि नशे में वाहन चलाने, तेज रफ्तार, मोडिफाइड साइलेंसर और बिना हेलमेट वाहन चलाने जैसे मामलों में कोई रियायत नहीं दी जाएगी। डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी न केवल चालक के लिए, बल्कि समाज के लिए भी गंभीर खतरा बन रही है।

## बाबा भगवान राम ट्रस्ट ने बांटे गर्म कपड़े



जशपुरनगर। बाबा भगवान राम ट्रस्ट द्वारा निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बाबा भगवान राम ट्रस्ट सोगड़ा, जशपुर एवं सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन, जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार, 25 जनवरी 2026 को विकासखंड जशपुर अंतर्गत बालक छात्रावास लुईकोना के बच्चों के बीच ठंड से बचाव हेतु ऊनी टोपी, स्वेटर, मोजे का वितरण किया गया।

यह कार्यक्रम बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष बाबा गुरूपद संभव रामजी के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रातः 11:30 बजे छात्रावास परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 42 बच्चों को ऊनी टोपी, स्वेटर, मोजे एवं बिस्किट आदि सामग्री वितरित की गई। गौरतलब है कि इसके पूर्व 14 दिसम्बर 2025 को बालक प्राथमिक शाला आश्रम, नीमगांव में 69 बच्चों को तथा दिनांक 18 जनवरी 2026 को बालक प्राथमिक शाला गिरला में 41 बच्चों को गर्म कपड़े बांटे गए इस प्रकार उक्त कार्यक्रम के तहत अबतक आश्रम/छात्रावास के कुल 153 बच्चो को बाबा भगवान राम ट्रस्ट सोगड़ा, जशपुर द्वारा, ऊनी टोपी, स्वेटर, मोजे आदि का वितरण किया जा चुका है। इस अवसर पर सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन की वरिष्ठ सदस्याएं सरिता वास्तव, कविता सिंह, सरिता अखौरी, हेमलता सिंह, रंजिता सांरगी, शालिनी वास्तव, पूनम दूबे, सीमा सिंह, अंजू सिन्हा, अनुपमा सिंह, अनिमा मिश्रा, अनामिका सिन्हा, स्नेहा उपाध्याय, बबीता सिन्हा, लक्ष्मीप्रिया सिंह, निशा सिंह, पम्मी सिंह एवं सौम्या सुरभि सहित बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम नरेन्द्र सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा जशपुर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कुसुम माधुरी टोप्पो
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
नवीन शासकीय महाविद्यालय
कांसाबेल जिला जशपुर छ.ग.

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त